निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्श दाता- मातृ स्वास्थ्य (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद हेतु पूर्णत: संविदात्मक आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग : उपायुक्त, मातृ स्वास्थ्य, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिका व उत्तरादायित्व :

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत मुख्य मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में मातृ स्वास्थ्य कार्यकलापों के कार्यान्वयन की निगरानी में मातृ स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना।

1. प्रसूति कक्ष को मानकीकृत करने तथा एमसीएच सेवाओं से सुदृढ़ीकरण या कार्यान्वयन और गुणवत्ता आश्वासन/सुधार हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व राज्यों को तकनीकी सहायता व कार्यक्रम परक सहयोग प्रदान करना।
2. प्रसूति कक्ष को मानकीकृत बनाने और एचआईवी व उपदंश के माता-पिता से बच्चे में संचरण निवारण कार्यक्रम में राज्यों की सहायता करना व मार्गदर्शन करना।
3. कार्य योजनाओं, बजट, गतिविधिया, कार्य ढ़ांचा व क्षमता निर्माण की रिपोर्टों की निगरानी व मूल्यांकन (एम एंव ई) सहित कार्यक्रम गतिविधियों की निर्माण, कार्यान्वयन, निगरानी व रिपोर्ट हेतु साझेदारों व राज्य सरकार काउंटर पार्ट के साथ कार्य करना।
4. दस्तावेज, प्रचालन व तकनीकी दिशा-निर्देश के विकास में सहायता करना।
5. राज्यों में मातृ स्वास्थ्य सूचक प्राप्त करने हेतु आउटपुट/विश्लेषण सुझाव कार्रवाई के आधार पर विभिन्न रिपोर्ट/अध्ययन/एमआईएस डाटा/सर्वेक्षण रिपोर्ट के विश्लेषण में मातृ स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना।
6. क्षेत्र दौरों के माध्यम से तकनीकी रिपोर्ट व मौजूदा दिशा-निर्देशों की समीक्षा तथा प्रशिक्षण मैनुअल तैयार करने में सहायता करना व उन्हें राज्यों/जिलों स्तर पर प्रचारित करना।
7. राज्य पीआईपी रिपोर्ट के मूल्यांकन, तिमाही/ मासिक रिपोर्ट तैयार करने, मातृ स्वास्थ्य कार्यकलापों की प्रगति की निगरानी में सहायता करना।
8. एनएचएम पीआईपी के तहत योजनागत कार्यकलापों का कार्यान्वियन करने तथा उपलब्ध डाटा व रिपोर्ट का उपयोग कर अनुमोदित योजना की प्रगति का मूल्यांकन करने में राज्यों व जिलों की सहायता करना।
9. प्रगति की निगरानी तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि अनुमोदित योजनाओं का एमएच कार्यकलाप निर्धारित अवधि में कार्यान्वित किया गया है, राज्यों का आवधिक क्षेत्रीय दौरा आयोजित करना।
10. अनुमोदित कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना के अंतराल को पूरा करने के लिए उपर्युक्त पर राज्य स्तर पर आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना व सुझाव कार्रवाई करना।
11. एमएच कार्य ढ़ांचा आउटपुट पर समयबद्ध कार्यवाही हेतु सौंपा गया कोई अन्य कार्य तथा टीओआर में सभी कार्यों की रिपोर्ट करना अथवा समय-समय पर मातृ स्वास्थ्य प्रभाग द्वारा सौंपा गया कार्य करना।
12. संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया अन्य कार्य निष्पादित करना।

अर्हताएं:

1. एमबीबीएस/ बीडीएस/ बीएचएमएस/ बीएएमएस/ बीपीटी + एमडी/ एमपीएच/ एमएचए/ स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/ स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए।

2. जन स्वास्थ्य क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष से अधिक का अनुभव के साथ राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर सरकार के साथ प्रजनन व बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) में 2-3 वर्ष का अनुभव । राष्ट्रीय/ राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच के साथ कार्य कर चुके अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, मुख्य हितधारको, संबंधित सरकारी नीति/ कार्यनीति विशेषत: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सुपरिचित।
4. उत्कुष्ठ संप्रेषण व प्रस्तुती कौशल, विश्लेषणात्मक व पारस्परिक क्षमता अंग्रेजी में उत्कृष्ठ मौखिक व लिखित सम्प्रैषण कौशल।
5. बहु-विषयक दल वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शन क्षमता।
6. क्षेत्र स्तर पर आरसीएच प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यान्वयन का अनुभव।
7. सामान्यत: प्रयुक्त पैकेज जैसे एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वांइट व संबंधित डाटा व दस्तावेजों हेतु वेब सर्फिंग में प्रवीणता सहित कम्प्यूटर कुशलता।
8. समयबद्धता के दबाव में विविध कार्यों को निपटाने की क्षमता।
9. तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों व जिलों में यात्राएं करने की तत्परता तथा कार्यों की समयबद्धता को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कार्य करने की क्षमता।
10. औपचारिक शैक्षणिक योग्यता व अनुभव को शिथिल किया जा सकता है यदि उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो अथवा विशेष संदर्भ में कार्य अनुभव हो।

आयु: आवेदन की अंतिम तिथि को 55 वर्श तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रामिक: 90,000/- रु. से 1,30,000/- रु. के बीच

स्थान : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों के दौरे अपेक्षित ।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **17-Oct-2017 अपराह्न 4 बजे तक** mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।